## शिवराज आज शाम 7 बजे करेंगे संबोधित



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सभी क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप्स को संबोधित करने के साथ शाम 7 बजे प्रदेश की जनता को भी अनलाक को लेकर संबोधित करेंगे। वे अनलाक में क्या सावधानियां रखना है और कैसे धीरे-धीरे शहरों को खोला जाएगा इसको लेकर जानकारी दे सकते हैं।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...


## मिल सकती है मोरेटोरियम सुविधा



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर से प्रभावित छोटे उद्यमों की मदद के लिये बैंकों ने कई प्रयास किए हैं। अब 25 करोड़ रुपए तक के लोन के रिस्ट्रक्चरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बैंक ऑफ इंडिया ने अपने पात्र ग्राहकों को ऑनलाइन लोन रिस्ट्रक्चरिंग के लिए अपनी इच्छा बताने को लेकर मैसेज भेजा है। इसमें कहा गया है कि इस कठिन समय में हम 5 मई, 2021 को जारी आरबीआई रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क 2.0 के अनुसार आपकी मदद के लिये राहत की पेशकश कर रहे हैं।


● वर्ष- 15 अंक-118 कटनी ● सोमवार, 31 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


**सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर रोक से इंकार, कोर्ट ने लगाई कास्ट**

# किसी मकसद से प्रेरित "वास्तविक जनहित याचिका" नहीं थी

## कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय महत्ता से जुड़ा बेहद जरूरी प्रोजेक्ट, नये संसद भवन निर्माण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर रोक लगाने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य को नहीं रोका जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कोरोना वारयस वैश्विक महामारी के दौरान परियोजना रोके जाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिका किसी मकसद से ''प्रेरित'' थी और ''वास्तविक जनहित याचिका'' नहीं थी।

अदालत ने कहा कि शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को दिए गए ठेके के तहत काम नवंबर 2021 तक पूरा होना है और इसलिए इसे जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट पर रोक लगाने वाली अर्जी को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 1 लाख का जुर्माना भी लगाया है।

याचिकाकर्ताओं ने कोरोना को आधार बनाकर रोक लगाने की मांग की थी



दरअसल, कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर हमला बोला था। विपक्षियों ने सरकार से कोरोना काल के दौरान निर्माण कार्य बंद करने की मांग की थी, लेकिन निर्माण कार्य बंद नहीं किया गया। उसके बाद याचिककर्ताओं ने देश की सुप्रीम अदालत में रोक लगाने की याचिका डाली, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट जाने का आदेश दिया। कोर्ट में याचिकाकर्ता ने कोरोना महामारी को आधार बनाकर रोक लगाने के लिए याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए प्रोजेक्ट के निर्माण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय महत्ता से जुड़ा बेहद जरूरी प्रोजेक्ट है। बता दें कि इस प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी केंद्र पर तीखा हमला बोला था।

### क्या है सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट

सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत एक नए संसद भवन और नए आवासीय परिसर का निर्माण किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री और उप राष्ट्रपति के आवास के साथ कई नए कार्यालय भवन और मंत्रालय के कार्यालयों के लिए केंद्रीय सचिवालय का निर्माण किया जाना है। सेंट्रल विस्टा परियोजना की सितंबर 2019 में घोषणा की गई थी। 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परियोजना की आधारशिला रखी थी।

**एक जून से राहत का दौर**

# महाराष्ट्र में बढ़ा लॉकडाउन एमपी कल से अनलॉक




**मुंबई, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 1 जून से अनलॉक की प्रक्रिया शुरू होगी। यहां अब पॉजिटिविटी रेट के आधार पर कोरोना कर्फ्यू या प्रतिबंध के नियम तय होंगे। 5 फीसद से ज्यादा संक्रमण वाले और 5फीसद से कम संक्रमण वाले जिलों के लिए अनलॉक की अलग-अलग गाइडलाइंस तय की गई हैं। महाराष्ट्र सरकार 14 अप्रैल से लागू पाबंदियों को पहले ही 15 दिनों के लिए बढ़ा चुकी है। यह पाबंदियां एक जून को खत्म हो रही थीं पर कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए राज्य में अब 15 जून तक लॉकडाउन जारी रहेगा।

### क्विक अपडेट



## दो लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर

**दंतेवाडा।** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी महिला नक्सली को ढेर कर दिया गया है। दंतेवाडा में डीआरजी जवानों और नक्सलियो के बीच मुठभेड़ सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे गुमलनार के जंगलो में हुई। फोर्स को एक महिला नक्सली वाइको पाइके को मारने में सफलता मिली है। मारी गई नक्सली 16 नंबर प्लाटून की सदस्य बताई जा रही है। नक्सली के पास से दो देशी बंदूक, पिट्ठू, काली वर्दी, दो किलो आईईडी बारमद किया गया है।

## मेहुल चोकसी डोमिनिका के अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का आरोपी और भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह डोमिनिका की राजधानी रोसो के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, मेहुल चोकसी की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। पिछले हफ्ते मेहुल चोकसी एंटीगुआ से क्यूबा भागते वक्त रास्ते में ही डोमिनिका में पकड़ा गया। मेहुल चोकसी के पास एंटीगुआ की नागरिकता है। बता दें कि भगोड़ा कारोबारी मेहुल चोकसी 23 मई की शाम को एंटीगुआ स्थित अपने घर से गायब हो गया था। उसके लापता होने की रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी।

टिप्पणी की हैं।

## कर्नाटक में ब्लैक फंगस के मामले बढ़े

**बेंगलूरू।** कर्नाटक में बीते 24 घंटे में ब्लैक फंगस के 1250 मामले सामने आए हैं। जबकि राज्य में ब्लैक फंगस के साथ साथ कोरोना का कहर भी बढ़ रहा है। एमवाय अस्पताल में ब्लैक फंगस संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। एमवायएच में अब तक ब्लैक फंगस के 307 मरीज भर्ती हो चुके हैं। रविवार को यहां 27 मरीज भर्ती हुए। इसके अलावा 10 मरीजों की सर्जरी

**कोरोना की दूसरी लहर की बिदाई तय**

# चीन का वुहान लैब सैन्य गतिविधियों का केंद्र है



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर आज भी रहस्य बरकार है। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई कि आखिर यह वायरस कैसे और कहां से फैला। साथ ही क्या ये प्राकृतिक है या इसे लैब में बनाया गया? हालांकि कई एक्सपर्ट्स इस वायरस की उत्पत्ति चीन में होने का दावा कर रहे हैं। इस बीच अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने बड़ा दावा किया है कि वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी अपने नागरिक अनुसंधान के साथ-साथ सैन्य गतिविधियों में लगा हुआ था। इस सिद्धांत की नए सिरे से जांच के बीच ही लैब से कोविड महामारी का जन्म हुआ। पोम्पिओ ने कहा, ÷मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं वह यह है कि हम जानते हैं कि वे उस लैब के भीतर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से जुड़े प्रयासों में लगे हुए थे। इसलिए चीन ने जो दावा किया उसके साथ सैन्य गतिविधि की जा रही थी, वह सिर्फ अच्छा पुराना नागरिक शोध था।

## केंद्र 2 दिन में लेगा अंतिम फैसला



CBSE और CISCE बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं आयोजित होंगी या नहीं, इस पर केंद्र सरकार दो दिन में अंतिम फैसला लेगी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से यह बात कही गई। केंद्र सरकार की यह दलील स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन का समय दिया है और अगली सुनवाई के लिए गुरुवार का दिन तय किया है। बता दें, ये परीक्षाएं रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। 28 मई के दिन लगाई गई याचिका में दोनों बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं कैंसिल करने की मांग की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने बताया**

# इस साल के आखिरी तक सभी वयस्कों को लग जाएगी वैक्सीन

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के हालात पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को अहम सुनवाई हो रही है। सबसे बड़ा मुद्दा वैक्सीनेशन को लेकर है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या सरकार की नीति यही है कि टीकों के लिए राज्य ग्लोबल टेंडर बुलवाए? वहीं केंद्र की ओर से कहा गया है कि इस साल के आखिरी तक देश में सभी पात्र लोगों को टीका लगा दिया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल ने कह कि सरकार फाइजर जैसी कंपनियों के साथ बात कर रही है। यदि ये टीके मिल गए तो अनुमान से पहले भी देश में टीकाकरण पूरा हो सकता है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कोविन एप पर अनिवार्य रजिस्ट्रेशन पर भी सवाल उठाए और कहा कि गांवों में लोग इससे समस्या का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि वह केंद्र सरकार को निर्देश कि वैक्सीन की खरीदी केंद्र सरकार के स्तर पर हो और वहां से राज्यों में डिस्ट्रिब्यूशन की जाए। पिछली सुनवाई में



इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार जवाब मांगा था। बता दें, इस याचिका की शुरुआत ऑक्सीजन सप्लाय के मुद्दे से हुई थी। सरकार के प्रयासों के बाद देश में ऑक्सीजन की अब किल्लत नहीं है। सर्वोच्च अदालत के समक्ष एक अन्य मुद्दा दिल्ली से सटी सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर है। एक याचिका में मांग की गई है कि इस भीड़ के कारण कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा है।

### नकली वैक्सीन पर भी आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल हुई है जिसमें नकली कोरोना वैक्सीन की बिक्री रोकने के लिए आपदा प्रबंधन कानून के तहत निर्देश दिए जाने की मांग की गई है। शीर्ष अदालत इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगी। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दाखिल इस याचिका पर जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एल. नागेश्वर राव और जस्टिस एस. रविंद्र भट की पीठ सुनवाई करेगी। इससे पहले तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने 11 फरवरी, 2021 को विशाल तिवारी की याचिका पर यह कहते हुए सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था कि हम सामान्य निर्देश जारी नहीं कर सकते, हम विधायिका नहीं हैं। ठोस तथ्यों के साथ नई याचिका दाखिल करने को कहा था।



## गांजा तस्करी का अब तक का सबसे बड़ा मामला पकड़ा, पूरे ट्रक में भरा था

**इंदौर।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) की इंदौर और भोपाल जोनल यूनिट ने गांजा तस्करी का अब तक का सबसे बड़ा मामला पकड़ा है। इंदौर जोनल यूनिट ने गोपनीय जानकारी के बाद भोपाल यूनिट के अधिकारियों के साथ मिलकर पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। सागर के पार हाइवे पर गांजे से भरे ट्रक को पकड़ा।डीआरआइ को जानकारी मिली थी कि तीन व्यक्ति आम की बोरियों के बीच ट्रक में गांजे का परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद निगरानी में डीआरआइ टीमो की नजर में एक संदिग्ध वाहन आया। भोपाल और इंदौर की डीआरआइ की टीम के अधिकारियों ने सागर के पास एक ट्रक को जांच को रोका।राजस्थान के नम्बर वाले ट्रक में उपर से देखने पर आम रखे दिखाई दिए। ऊपर जमी आम की बोरियों के नीचे गांजे के पैकेट छिपाए गए थे। गांजा के सभी पैकेटों का वजन 3 हजार 92 किलोग्राम पाया गया। इसकी कीमत करीब 6.19 करोड़ रुपये आंकी गई है। डीआरआइ ने गांजे की खेप को बरामद कर जब्त कर लिया है। ट्रक में सवार तीनों लोगों ने अपनी-अपनी भूमिका कबूल कर ली है। तीनों व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

# 50 दिन में सबसे कम दैनिक मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का कहर अब कम होता नजर आ रहा है, हालांकि रोजाना होने वाली मौतों का आंकड़ा अभी भी डरा रहा है। भारत में 50 दिन बाद 24 घंटे में कोविड-19 के सबसे कम 1,52,734 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 2,80,47,534 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटे में पहली बार 1.52 लाख से ज्यादा मामले सामने आए और 2,38,022 लोग इस वायरस से जीतकर अपने घर वापस लौटे। कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या लगातार संक्रमित मामलों से ज्यादा आ रही है, जिस वजह से सक्रिय मामले घट रहे हैं। मौजूदा समय में देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम



होकर 20,26,092 हो गई है। वहीं देश में 3,128 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 3,29,100 हो गई। मंत्रालय ने बताया कि रोजाना नमूनों के संक्रमित आने की दर अब 9.07 प्रतिशत है, जो लगातार सात दिनों से 10 प्रतिशत से कम बनी है। वहीं, संक्रमण की साप्ताहिक दर भी कम होकर 9.04 प्रतिशत हो गई है।

सके अनुसार, देश में अभी तक कुल 34,48,66,883 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 16,83,135 नमूनों की जांच रविवार को की गई। आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी कम होकर 20,26,092 हो गई है, जो कुल मामलों का 7.22 प्रतिशत है।

देश में अभी तक 2,56,92,342 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर भी बढ़कर 91.60 प्रतिशत हो गई है। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.17 प्रतिशत है।

# 77 लोगों की मौत पर कहां तक पर्दा डालेगी सरकार!

## अलीगढ़ शराब कांड में प्रतिदिन मर रहे लोग

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में जहरीली शराब ने लगातार चौथ दिन सोमवार को भी कहर बरपाया। शराब पीने से टप्पल के बीमार लोगों की मौत का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा। सोमवार को जिले में छह और लोगों की मौत हो गई। इससे पहले रविवार शाम तक पोस्टमार्टम के लिए लाए गए शवों की संख्या 71 तक पहुंच गई थी। इस तरह जिले में रविवार को 15 मौत हुई थीं और आज छह। वहीं जिला प्रशासन द्वारा अभी तक मौत के इस तांडव को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। बल्कि प्रशासन लगातार



आंकड़े छिपाने में जुटा है। जिलाधिकारी ने मौतों को लेकर आधिकारिक पुष्टि करने के बजाय कहा है कि अब पोस्टमार्टम रिपोर्टों के अध्ययन के बाद ही यह तस्वीर साफ की जा सकेगी जहरीली शराब से जिले में कितनी मौत हुई हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। अलीगढ़ जहरीली शराब कांड के इस प्रकरण में मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो चुकी है। चार लोगों ने रविवार को एडीएम प्रशासन के कार्यालय में पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि खुलेआम नकली, कच्ची शराब की बिक्री होती है। 24 घंटे ठेकों से शराब की बिक्री होती है।

# गेम चेंजर हो सकती है ये दवा

**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बीच इन दिनों मोनोक्लोनल एंटीबॉडी या एंटीबॉडी कॉकटेलदवा की चर्चा चल रही है। विशेषज्ञों का दावा है कि यह दवा कोरोना के खिलाफ लड़ाई में गेम चेंजर हो सकती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर) के महामारी विज्ञान और संक्रामक रोग के पूर्व प्रमुख डॉ. रमन आर गंगाखेड़कर ने कहा कि मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कॉकटेल से कोविड-19 वायरस के म्यूटेशन की संभावनाएं नहीं हैं। आईसीएमआर के पूर्व महामारी



वैज्ञानिक डॉ. रमन आर. गंगाखेड़कर कहते हैं कि आने वाले वक्त में ही पता चलेगा कि मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दवा कोविड और उसके वैरिएंट्स के खिलाफ कितनी प्रभावी है। हालांकि, संभावना है कि इससे वायरस का म्यूटेशन नहीं होगा। आईसीएमआर के पूर्व महानिदेशक डॉ. निर्मल के. गांगुली ने कहा है कि एंटीबॉडी कॉकटेल का उपयोग सिर्फ गंभीर या जान की जोखिम वाले मरीजों के लिए ही किया जाना चाहिए।

## मुख्य सचिव को वापस बुलाने पर करें विचार-ममता

**कोलकाता।** बंगाल की ममता बनर्जी और केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय को लेकर आमने-सामने हैं। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव अलपन बंद्योपाध्याय सोमवार यानी आज सुबह 10 बजे दिल्ली आकर रिपोर्ट करना था, लेकिन ममता सरकार ने उन्हें रिलीव नहीं किया। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है।

# बढ़ा विवाद: ट्विटर पर दर्ज हो सकता केस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया गाइडलाइंस पालन नहीं करने को लेकर ट्विटर की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। ट्विटर पर अब एक और मामला दर्ज किया जा सकता है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल यौन शोषण से जुड़े कुछ लिंक्स के सिलसिले में ट्विटर से जवाब मांगा था, जिससे ट्विटर ने इनकार कर दिया। इसके बाद आयोग ने दिल्ली पुलिस से ट्विटर के खिलाफ केस दर्ज करने की



अपील की है। बाल आयोग ने दिल्ली पुलिस को भेजी अपनी शिकायत में कहा कि ट्विटर पर बाल यौन शोषण के कुछ लिंक मिले हैं। जब आयोग ने इस बारे में ट्विटर से पूछने की कोशिश की तो उसने साफ शब्दों में जवाब देने से इनकार कर दिया। कंपनी की ओर से कहा गया कि ट्विटर इंडिया इस मामले में जवाब नहीं दे सकता है। इसके बाद बाल आयोग ने ट्विटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।






# कल से बदलेंगे गैस सिलिंडर और हवाई सफर सहित पांच नियम

**वेब डेस्क।** एक जून 2021 से भारत में पांच बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इन बदलावों का आपकी जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा। एक ओर जहां इन नए नियमों से आपको राहत मिलेगी, वहीं दूसरी ओर अगर आपने कुछ बातों का ध्यान नहीं रखा, तो आपको आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। इसलिए इनके बारे में जानना आपके लिए आवश्यक है।

कल से जनता को गैस सिलिंडर की कीमत में राहत मिल सकती है, वहीं अगर सरकारी तेल कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए, तो यह महंगाई के इस दौर में उनके लिए एक और झटका होगा। इसके साथ ही कल से हवाई सफर भी महंगा होने जा रहा है। करदाता एक जून से छह जून तक आयकर विभाग का वेब पोर्टल इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। ग्राहकों की सुरक्षा के मद्देनजर बैंक ऑफ बड़ौदा चेक पेमेंट से जुड़े नियम में बदलाव करने जा रहा है और गूगल फोटोज की अनलिमिटेड स्टोरेज भी समाप्त हो जाएगी। बदलेंगे सिलिंडर के दाम

तेल कंपनियां हर महीने की शुरुआत में एलपीजी सिलिंडर के दामों की समीक्षा करती है। इसलिए एक जून 2021 से देशभर में सिलिंडर की कीमत घट या बढ़ सकती है। हर राज्य में




टैक्स अलग-अलग होता है और इसके हिसाब से एलपीजी के दामों में अंतर होता है। रसोई गैस सिलिंडर की कीमत चेक करने के लिए आपको सरकारी तेल कंपनी की वेबसाइट पर जाना होगा। यहां पर कंपनियां हर महीने नए रेट्स जारी करती हैं। लिंक पर आप अपने शहर के गैस सिलिंडर के दाम चेक कर सकते हैं। अगले महीने की शुरुआत में आयकर विभाग करदाताओं के लिए एक नया ई-फाइलिंग वेब पोर्टल पेश करने की तैयारी कर रहा है, जिसका इस्तेमाल आईटीआर दाखिल करने और अन्य कर संबंधी कार्यों के लिए किया जा सकेगा। मौजूदा वेब पोर्टल एक जून से छह जून तक बंद रहेगा। विभाग के सिस्टम विंग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि पुराने पोर्टल से नए पोर्टल पर जाने का काम पूरा हो जाएगा और सात जून तक इसे चालू कर दिया जाएगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने बदला चेक पेमेंट से जुड़े नियम

बढ़ते फ्राड को ध्यान में रखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों के लिए चेक पेमेंट से जुड़े नियम में बड़ा बदलाव किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा पॉजिटिव पे सिस्टम की शुरुआत कर रहा है। यह नियम एक जून 2021 से प्रभावी होगा। पॉजिटिव पे सिस्टम के तहत चेक जारी करने वाले व्यक्ति को अपने बैंक को अपने चेक की जानकारी भी भेजनी होगी।

### खत्म हो रही है गूगल फोटोज की अनलिमिटेड स्टोरेज

गूगल के फोटो गैलरी एप गूगल फोटोज की अनलिमिटेड स्टोरेज खत्म हो रही है। इसका एलान कंपनी ने पिछले साल नवंबर में ही किया था कि वह गूगल फोटोज के साथ मिलने वाली अनलिमिटेड स्टोरेज को खत्म करने जा रही है।

कटनी
सोमवार, 31 मई 2021
यश भारत

# संकट प्रबंधन समूह को ताकतवर बनाएं-सांसद

कटनी। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कटनी जिले द्वारा अच्छा काम किया गया है। समय पर प्रभावी कदम उठाये गये हैं। स्वयं मुख्यमंत्री ने भी इसकी प्रशंसा की है। सभी जनप्रतिनिधियों ने बखूबी अपनी भूमिका निभाई है। मैं सभी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। यह बात भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र से सांसद वी.डी. शर्मा ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में कही। उन्होने जिला पुलिस द्वारा मिशन संबल के माध्यम से कोरोना कर्फ्यू के दौरान असहाय और जरुरतमंदों के लिये खाद्यान्न वितरण के कार्य को भी सराहा। बैठक में वीसी के माध्यम से कोविड प्रभारी एवं प्रदेश के खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी जुड़े। वहीं कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी बैठक में मौजूद रहे।

डिस्ट्रिक्ट क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक में सांसद श्री शर्मा ने कहा कि अब हम अनलॉक की तरफ जा रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन अनलॉक की प्रॉपर प्लानिंग करके कड़ाई से अनलॉक करायें। उन्होने जिले के 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को मजबूत और अपडेट करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने कहा कि हमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करना है। ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को अपडेट करने के लिये हम सामाजिक सहयोग भी लें। कोरोना की संभावित तीसरी लहर की तैयारियों में अभी से जुटने और अपने संसाधनों को बढ़ाने की दिशा में सार्थक कार्य करने के निर्देश भी बैठक में सांसद श्री शर्मा ने दिये। उन्होने कहा कि अब जरुरत है कि हम ग्रामस्तरीय संकट प्रबंधन समूह को और अधिक ताकतवर बनायें। यह समूह ही ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना टीकाकरण के प्रति जनजागरुकता की दिशा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभायेंगे।



प्लानिंग करके कड़ाई से करें अनलॉक

### बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता

बच्चों के लिये बेहतर डॉक्टर्स की व्यवस्था करना और इस दिशा में उपचार में काम आने वाले संसाधनों को अभी से जुटाने के निर्देश भी जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सांसद वी.डी. शर्मा ने दिये। टीकाकरण पर विशेष फोकस करके काम करने के निर्देश सांसद श्री शर्मा ने दिये। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण को लेकर जागरुकता लायें और अधिक से अधिक लोगों का वेक्सीनेशन करायें। यह वेक्सीनेशन ही हमारा सुरक्षा कवच है। यही हमारा सुरक्षा घेरा है। हम कार्ययोजना बनाकर टीकाकरण को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें। बैठक के प्रारंभ में मंत्री श्री सिंह ने वर्चुअल माध्यम से अपनी बात रखी। उन्होने कहा कि विगत दो दिनों से कटनी में एक ही पॉजीटिव प्रकरण निकला है। अब हमारे लिये बड़ा चैलेन्ज है कि हम सतर्कता और सावधानी के साथ मुस्तैदी से कोरोना की रोकथाम की दिशा में कार्य करें। उन्होने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर भी जोर दिया। वहीं कोरोना कर्फ्यू के बाद अनलॉक के लिये अपनाई जाने वाली कार्ययोजना को बेहतर ढंग से तैयार करने और उसका पालन कराने के निर्देश दिये। बैठक में विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने भी अनलॉक को लेकर अपने सुझाव दिये।

### सुझाव ले रही समिति

क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप की बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले में कोरोना की स्थिति और 29 मई को गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अनलॉक को लेकर उन्होने बताया कि इसके लिये अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति सतत् रुप से सभी के सुझाव ले रही है। गृह विभाग की एडवायजरी और अपने जिले की परिस्थिति को देखते हुये ही हम अनलॉक की कार्ययोजना बनायेंगे। जिसका पालन जिले में कराया जायेगा। इसके लिये सभी समिति सदस्यों के सुझाव लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा किल कोरोना अभियान 3, टेस्टिंग, भविष्य की कोविड की रणनीति, जिला अस्पताल की व्यवस्थायें, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधायें, सैम्पलिंग, आरटीपीसीआर टेस्ट, वीसीएमटी, बीसीएमटी और डीसीएमटी ग्रुप की जानकारी, टीकाकरण के लिये किये जा रहे प्रयासों, मानव संसाधन, ऑक्सीजन की उपलब्धता और एम्बुलेन्स मैनेजमेन्ट पर भी जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, एएसपी संदीप मिश्रा, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष ने कोरोना से दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**कटनी।** कोरोना संकट में हमारे कई परिवारों ने अपनों को खो दिया जिनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती किंतु भारतीय जनता पार्टी देश और प्रदेश की सरकार पीड़ित परिवारों के भविष्य को ध्यान में रख कर यथा सम्भव लोगों की मदद कर रही है। यह विचार आज कटनी में कोरोना से दिवंगतों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री विष्णुदत्त जी शर्मा ने व्यक्त किये। उन्होनें कहा कि ऐसे तमाम पीड़ित परिवारों के साथ भारतीय जनता पार्टी हर वक्त खड़ी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के सिद्धांत को आत्मसात कर लोगों की मदद कर रहे हैं। वर्चुअल रूप से इस श्रद्धांजलि सभा मे जिले के वरिष्ठ भाजपा जन शामिल हुए। सभा को जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने भी सम्बोधित करते हुए कटनी जिले के कोरोना महामारी से दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ऐसे परिवारों की हर सम्भव मदद का संकल्प लिया।

## जिला अस्पताल का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# कटनी जिला अस्पताल में अब नहीं होगी ऑक्सीजन की कमी





**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर कटनी पहुंचे सेवा ही संगठन के अभियान के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 7 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त भाजपा जनोँ ने सेवा कार्य करके वर्षगांठ को मनाया।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के बाहर बने सांसद सहायता केंद्र से प्रदेश अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को उपयोगी सामग्री, मास्क सेनेटाइजर, सूखा अनाज, त्रिकुट चूर्ण आदि वितरित किया। श्री शर्मा ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के रक्तदान अभियान में पहुंचकर युवा भाजपाइयों की हौसलाफ्जाई की। उपरांत श्री शर्मा अस्पताल के कोविड वार्ड पहुंचे यहां सुविधाओं को देखा, कटनी जिला अस्पताल में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आक्सीजन प्लांट को भी देखा। यहां मीडिया से बात करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि कटनी जिला अस्पताल की सुविधाओं को निरन्तर बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं। अस्पताल में आक्सीजन प्लांट लगने से यहां ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी।

उन्होंने अन्य सुविधाएं भी बढाने की बात कही। इस दौरान विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुड़िया डॉ. समीर सिंघई आदि मौजूद थे।

विधायक संजय पाठक ने बताया कि उक्त आक्सीजन प्लांट सांसद के विदेशों में बसे मित्रों के द्वारा लगवाया जा रहा है जिसमे पूरी तरह से निजी व्यय किया जा रहा है। इसके लिए विधायक श्री पाठक ने समस्त मित्रों तथा सांसद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा ने अस्पताल में पौधा भी रोपित किया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसे सांसद वी.डी. शर्मा ने सुना। गौरतलब है कि सांसद श्री शर्मा रविवार को अपने प्रवास पर जिले में रहे। उनके द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलास्तरीय क्राईसिस मैनेजमेन्ट समिति की बैठक भी ली गई। यहीं पर अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्होने मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, एएसपी संदीप मिश्रा, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पोस्ट कोविड और बच्चों के वार्ड का किया निरीक्षण

### अस्पताल परिसर में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण





**कटनी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र से सांसद वी.डी. शर्मा ने रविवार को अपने कटनी जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद श्री शर्मा ने चिकित्सालय में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। साथ ही चिकित्सीय क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों व सुविधाओं को लेकर की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय सहित कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे। जिला अस्पताल के भ्रमण के दौरान सांसद श्री शर्मा ने जिला अस्पताल में तैयार किये गये बच्चों के कोविड वार्ड और पोस्ट कोविड वार्ड का निरीक्षण किया। जहां पर उपलब्ध बैड्स, ऑक्सीजन की उपलब्धता के संबंध में सिविल सर्जन से जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पोस्ट कोविड वार्ड और बच्चों के वार्ड के विषय में की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिये आवश्यक संसाधनों के विषय में बताया। इसके साथ ही जिला अस्पताल विजिट के दौरान सांसद श्री शर्मा ने उनके ही प्रयासों से जिले को प्राप्त ऑक्सीजन जनरेटर मशीन का भी अवलोकन किया। इस दौरान विधायक श्री पाठक ने ऑक्सीजन जनरेटर मशीन की उपयोगिता और उपलब्धता के विषय में जानकारी दी। साथ ही ऑक्सीजन जनरेटर मशीन के लिये उनका आभार भी व्यक्त किया। अस्पताल परिसर में सांसद श्री शर्मा सहित सभी विधायकगणों ने पौधा रोपण किया। इसके पूर्व भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सेवा ही संगठन 2 के तहत सांसद श्री शर्मा ने रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कटनी शैलेश कन्हैया तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, एएसपी संदीप मिश्रा, सीमएचओ डॉत्र प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, एसडीएम बलबीर रमन सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राशि का वितरण

## कल्याण योजना के तहत 3 बच्चे हुये लाभान्वित



**कटनी।** कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खोया है, उनके लिये मध्यप्रदेश शासन हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐसे बच्चों को संरक्षण देने उन्हें शिक्षा देने, आर्थिक संबल देने के लिये मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना प्रारंभ की है। जिले में इसकी शुरुआत रविवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वी.डी. शर्मा ने की। सांसद श्री शर्मा ने जिला कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के तहत तीन बच्चों को मई माह की आर्थिक सहायता राशि का चैक वितरित किया। इस दौरान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया कि जिले में 9 बच्चे अब तक इस योजना के तहत चिन्हित किये गये हैं। 6 बच्चों के जॉईन्ट अकाउंट उनके संरक्षकों के साथ थे, जिन्हे सीधे शासन स्तर से प्रतिमाह 5 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया कि साहिद चौधरी, अर्चित जैन और अर्पित जैन यह तीन बच्चे ऐसे थे जिनके अपने संरक्षक के साथ जॉईन्ट अकाउन्ट नही खुले थे, जिन्हें इस माह की आर्थिक सहयोग राशि के रुप में अटल बाल आश्रय योजना में प्राप्त जनसहयोग राशि से 5-5 हजार रुपये के चैक सांसद श्री शर्मा द्वारा वितरित किये गये हैं। इन बच्चों के बैंक अकाउन्ट खोलकर शीघ्र ही उन्हें पोर्टल से लिंकअप कराया जायेगा, जिससे प्रतिमाह उन्हें आर्थिक सहायता सीधे अकाउन्ट में प्राप्त हो सकेगी। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना के तहत कोरोना की इस भयावह बीमारी में जिन बच्चों से उनके माता-पिता छीने हैं, उन्हें प्रतिमाह 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता, ग्रेजुएशन तक उनकी शिक्षा और खाद्यान्न की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जायेगी। इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिला अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, एएसपी संदीप मिश्रा, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अनलॉक के पहले शहर का जायजा



**कटनी।** जिले में 1 जून की प्रातः 6 बजे तक के लिये कोरोना कर्फ्यू प्रभावशील है। शीघ्र ही जिले में अनलॉक की दिशा में प्रशासन द्वारा कार्य किया जाना है। कोरोना कर्फ्यू के बाद शहर में व्यवस्थित रुप से अनलॉक खोला जाये और उसका कड़ाई से पालन कराया जा सके, इस दिशा में अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया द्वारा कार्य किया जा रहा है। श्री सिसोनिया ने नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे के साथ शहर के विभिन्न मार्केट का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने अनलॉक करने के बाद किस तरह व्यवस्थायें सुव्यवस्थित की जायें इस पर आवश्यक दिशा-निर्देश निगम के अमले को दिये।

### कल सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने जिला क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा तथा लिये गये निर्णय के अनुसार पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा द्वारा इस संबंध में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी संशोधित प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत संपूर्ण कटनी जिले (नगरीय एवं ग्रामीण) में 1 जून की प्रातः 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू बढ़ाया गया है। शेष प्रतिबंध पूर्व की भांति यथावत् रखे गये हैं।



## मिशन संबल के तहत जरुरतमंदों को सहायता

**कटनी।** जिला पुलिस द्वारा जिले में मिशन संबल के तहत निर्धन, असहाय और जरुरतमंद लोगों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। जिसके तहत सहयोग की कड़ी लगातार जारी है। रविवार को स्लीमनाबाद थाने द्वारा जनसहयोग से ग्राम हरदुआ के आदिवासी मोहल्ले में लगभग 60 असहाय लोगों को राशन का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें वेक्सीनेशन के प्रति प्रेरित भी किया गया।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 31 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# शिविर में 363 ने कराया वेक्सीनेशन







## केसीएस स्कूल में टीकाकरण अभियान, जनप्रतिनिधि भी पहुंचे

**कटनी।** वेक्सीनेशन कराकर ही कोरोना के संक्रमण से बचाव से बचा सकता है। पूर्व में जिन लोगों ने भी वैक्सीनेशन कराया है उन्में लगभग 99 फीसदी से अधिक लोगों को किसी भी प्रकार का संक्रमण नही हुआ है। यहां अच्छी बात यह देखनें को मिल रही है आप सभी लोग जागरूक है और वैक्सीनेशन कराकर अपनें को सुरक्षित करेगे। मेरा आपसे अनुरोघ है कि आप अपने आसपास के अपने परिवार के अपने मित्रों को सभी को वैक्सीनेशन करानें का प्रयास करें। वैक्सीनेश के दौनो डोज लगनें के बाद संक्रमण के खतरे से हम सुरक्षित हो जाएगें। यह बातें खजुराहो लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेशअध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने रविवार को के.सी.एस उच्तर माध्यमिक शाला में टीकाकरण अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों के समक्ष व्यक्त किये। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के प्रसार पर नियंत्रण के लिये जिला प्रशासन के निर्देशन में प्रातः 10 बजे से के.सी.एस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोविड-19 टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया है। जिसका निरीक्षण सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा किया गया। सांसद श्री शर्मा ने वेक्सीनेशन काउन्टर पहुंचकर टीकाकरण कराने के लिये आये नागरिकों एवं स्टाफ से संपर्क किया। साथ ही वेक्सीनेशन सेन्टी की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## बीमारी को जड़ से मिटाने करें सहयोग

उन्होने टीकाकरण के कार्य में गति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं सांसद श्री शर्मा ने जागरूकता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक लोगों के वैक्सीनेशन कराने टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचे नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होने अपील करते हुये कहा कि लोग किसी भी भ्रम में न फसे इसलिए उन्हे वैसीनेशन कराने के लिये जागरूक कर इस महामारी को जड को मिटानें में सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान वियजयराघवगढ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, स्थानीय विघायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल,एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय पांण्डे, कन्हैया तिवारी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एस.डी.एम बलवीर रमन सहित जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी भी उपस्थित रहे। केसीएस स्कूल में आयोजित किये गये विशेष वेक्सीनेशन कैम्प में 363 लोगों के द्वारा वेक्सीनेशन कराया गया। वेक्सीनेशन के दौरान व्यवस्थायें दुरुस्त रहें, इसके लिये निगम के अमले द्वारा सतत् रुप से कार्य किया गया।



## सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा

### सांसद ने किया सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ का निरीक्षण

**कटनी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद वी.डी. शर्मा ने सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक व बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय भी मौजूद रहे। अपने विजिट के दौरान सिविल अस्पताल में ओपीडी सहित अधोसंरचना, उपकरण एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा सांसद ने लिया। इस दौरान उन्होने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिये सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होने निर्देश दिये कि ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर, अस्पताल की जरुरतों के हिसाब से कार्ययोजना बनायें एवं उसके अनुसार कार्य करायें। क्षेत्रीय लोगों को कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से शुरु किये गये टीकाकरण जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में ऑक्सीजन की उपलब्धता बनी रहे, इस दिशा में सांसद श्री शर्मा द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विधायक श्री पाठक ने बताया। उन्होने कहा कि सिविल अस्पताल में 100 बैड के लिये मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिये सांसद श्री शर्मा द्वारा अस्पताल के लिये ऑक्सीजन जनरेटर प्लान्ट प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिये श्री पाठक ने सांसद श्री शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। उन्होने कहा कि पहली बार क्षेत्र को ऐसे सांसद मिले हैं, जो ना केवल अपनी सांसद निधि से बल्कि अपने मित्रों के माध्यम से भी सहयोग लेकर अपने संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ा रहे हैं। विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को निजी रुप से विधायक श्री पाठक द्वारा उपलब्ध कराई गई सुपर स्पेशिलिटी एम्बुलेन्स का अवलोकन भी अपने विजिट के दौरान सांसद श्री शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की प्रधान ममता पटेल, पूर्व अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नागरिक व अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**पहली बार मिले ऐसे सांसद, जो सुविधाओं के लिए चिंतित- संजय पाठक**

## बड़ेरा लूटकांड का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

### अब चौथे की तलाश जारी

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत हाइवे के बड़ेरा मोड़ स्थित एक दुकान में लूट के मामले में फरार तीसरे आरोपी रवि निषाद को पुलिस ने इन्द्रानगर क्षेत्र में स्थित सेंट्रल वेयर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक मोटर साइकिल जप्त की गई है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अब इस मामले में एक आरोपी



फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि ग्राम पठरा निवासी शुभम साहू 20 मई की रात वह बड़ेरा मोड़ स्थित अपनी दुकान की तकवारी करने के लिए गया था, रात करीब साढ़े 11 बजे वह दुकान से टॉयलेट करने के लिए निकला। दुकान वापस जाते समय एक युवक वहां पर आया और पान मसाला गुटखा मांगने लगा। जिस पर उसने कहा कि गुटखा नहीं। तभी तीन युवक और आ गए। सभी चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे। चारों युवक उसके साथ मारपीट करने लगे और दुकान के अंदर लेकर चले गए। एक युवक ने उस पर कट्टा अड़ा लिया। दुकान में रखे लगभग साढ़े 9 हजार रुपए और दो साउंड सिस्टम सहित उसका मोबाइल लूट कर चंपत हो गए थे।

## परेशान करने वाले युवक को पेड़ में बांधकर मरते दम तक पीटा

### हत्या के आरोप में पति-पत्नी व भतीजा गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम राखी में मिली एक युवक की लाश के मामले की गुत्थी सुलझाते हुए उसकी हत्या के आरोप में पति-पत्नी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या गांव में रहने वाले एक दंपति ने अपने भतीजे के साथ मिलकर की थी। युवक आए दिन परेशान करता था और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर देता था। जिससे तंग आकर तीनों ने उसे पकड़ा और फिर रस्सी से पेड़ में बांध दिया और लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट से युवक जब बेहोश हो गया तो तीनों ने उसे पेड़ से खोलकर होश में लाने के लिए पानी भी छिड़का लेकिन युवक जब होश में नहीं आया तो उसे वहीं छोड़कर भाग गए। पुलिस ने बताया कि मृतक आदतन अपराधी था और उसके खिलाफ बहोरीबंद थाने से जिलाबदर की कार्रवाई भी की जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि 29 मई को ग्राम राखी में एक युवक की लाश मिलने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम वहां पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की पहचान बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं निवासी 32 वर्षीय प्रमोद पिता रविशंकर नायक के रूप में की गई। पीएम के बाद अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्जकर प्रकरण की विवेचना शुरू की गई। इस दौरान संदेह के आधार पर राखी गांव निवासी शंकरलाल बर्मन और उसकी पत्नी गुड्डी बाई बर्मन और भतीजे सचिन बर्मन से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रमोद नायक आए दिन उन्हें परेशान करता था। गाली-गलौज कर घर का दरवाजा बाहर से बंद कर देता था। 29 मई की सुबह भी घर का दरवाजा उसने बाहर से बंद कर दिया। जिस पर उन्होंने भतीजे सचिन से दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने के बाद प्रमोद मिल गया। जिसे पकड़कर तीनों ने घर के पीछे लगे पेड़ में बांध दिया और लाठी से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया। जिसके बाद प्रमोद को पेड़ से खोलकर उसे होश में लाने के लिए पानी भी डाला गया लेकिन उसे होश नहीं आया। जिसके बाद तीनों उसे वहीं पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के पास वारदात में उपयोग की गई रस्सी और लाठी जप्त की है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।



**स्लीमनाबाद पुलिस ने सुलझाई राखी गांव में मिली लाश की गुत्थी**

## आज 10 केन्द्रों पर टीकाकरण

### 45 साल से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों को लगाई जा रही वैक्सीन



**कटनी।** कोविड-19 टीकाकरण के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों का 1 अप्रैल से टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। आज जिले में शासकीय एवं निजी क्षेत्र की 10 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है।

#### शहरी क्षेत्र में इन स्थानों पर होगा टीकाकरण

कटनी शहरी क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी देते हुये जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर और झूलेलाल सेवा मण्डल माधवनगर में टीकाकरण होगा। इसके साथ ही जिला अस्पताल अंतर्गत पुरानी कचहरी परिसर में को-वेक्सीन के दूसरे डोज का भी टीकाकरण किया जायेगा।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में इन स्थानों पर होगा टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन होगा। जिसमें सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएससी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी सिनगौड़ी और सीएचसी बरही में भी कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया जा रहा है।

### 14 स्थलों पर होगा कोविड-19 वेक्सीनेशन

जिले में 31 मई को 18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये वेक्सीनेशन 14 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंधई ने बताया कि आज पुरानी कचहरी परिसर कटनी में वेक्सीनेशन किया गया। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी स्कूल पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला, तिलक कॉलेज और ऑर्डनेन्स फैक्ट्री, एससी हॉस्पिटल कटनी में भी 18 से 44 आयुवर्ग के लिये वेक्सीनेशन होगा। इसी प्रकार सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल में आयोजित होगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी बड़वारा, सीएचसी बहोरीबंद, सीएचसी उमरियापान, पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी रीठी, सीएचसी बरही में भी सोमवार को 18 से 44 आयुवर्ग के लिये कोविड-19 वेक्सीनेशन किया जायेगा। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सिंघई ने कहा कि जिन लोगों ने 31 मई के लिये अपने स्लॉट ऑनलाईन बुक किये हैं, कृपया वे सभी अपने निर्धारित समय में वेक्सीनेशन के लिये टीकाकरण केन्द्र पर जरुर पहुंचे और वेक्सीन लगवायें।

## कल से कार्यालय आयेंगे 100 प्रतिशत अधिकारी

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक जून 2021 से सभी शासकीय कार्यालयों में शत-प्रतिशत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। निर्देशों में कहा गया है कि अत्यावश्यक सेवाएँ देने वाले कार्यालयों को छोडकर शेष कार्यलय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जायेंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय और पंजीयन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी अत्यावश्यक सेवाओं का निर्धारण जिला कलेक्टर कर सकेंगे। ये निर्देश 15 जून 2021 तक प्रभावशील रहेंगे। कोविड-19 के प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन के निर्देश भी दिये गए हैं।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# कोरोना से लड़ना है तो टीकाकरण करवाएं





## रात में कुआं गांव पहुंचे विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने किया प्रेरित

**बरही।** टीआई संदीप अयाची रात के 9 बजे कुआँ गांव में जरूरतमंदों को अनाज, राशन सामग्री बांट रहे थेए इसी बीच कोरोना जागरूकता रथ के साथ पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक पहुँचे जहां उन्होंने ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने प्रेरित करते हुए कहा कि देश के कुछ मूर्ख नेता वैक्सीन को लेकर अफ्वाह फैला रहे हैए ऐसी झूठी अफ्वाहों में न पड़ते हुए कोरोना से लड़ने के लिए सभी हर हाल में टीका लगवाए। विधायक श्री पाठक ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समझाया कि जिस तरह खसराए पोलियो का टीका लगता आ रहा हैए ठीक उसी तरह यह भी हैए जो पूरी तरह से सुरक्षित है।

### कोरोना टीका का नाम सुनते ही भागने लगते ग्रामीण

बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची ने कुआँ गांव के 100 जरूरतमंद ग्रामीणों को अनाज के थैले वितरित करने के बाद बैक्सीन लगवाने के लिए जैसे ही बात की धीरे.धीरे ग्रामीण खिसकने लगेए जिसकी जानकारी टीआई ने विधायक श्री पाठक को दी कि बैक्सीन का नाम सुनते ही ग्रामीण भयभीत हो जाते है और तरह.तरह के तर्क देते हैए जिसके उपरांत विधायक श्री पाठक ने ग्रामीणों से कहा कि भ्रम में न रहेए टीका कोरोना से लड़ने के लिए जरूरी हैए इसलिए हमने व हमारे पूरे परिवार ने भी लगवा लिया है। इस दौरान तहसीलदार एसएन त्रिपाठीए ग्राम सरपंच श्री सोनी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



## कोरोना की जंग में वैक्सीन ही हथियार

**कटनी।** जिले में कोरोना वेक्सीनेशन के प्रति जनजागरुकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन सतत् रुप से जारी है। इस कार्य में विभिन्न सामाजिक संगठन भी अपने-अपने क्षेत्र में जुटे हुये हैं। इसी कड़ी में ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में भी जनअभियान परिषद् और नेहरु युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों द्वारा भी गतिविधियां आयोजित की गईं। विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम उमरियापान में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के वेक्सीनेशन सेंटर पर मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद् के स्वयंसेवक पंकज नामदेव और नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक सतीष साहू ने सर्वप्रथम अपनी सेवाएं देने के बाद अपनी बारी आने पर वैक्सीन लगवाई। पंकज नामदेव ने बताया कि देश में विस्तृत महामारी की जंग में वैक्सीन ही एक हथियार है। वेक्सीनेशन के प्रति आमजन को जागरुक करते हुये उन्होने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में वेक्सीनेशन करवाएं और वैक्सीन लगने के बाद सामाजिक दूरी का पालन करते हुए मास्क का भी प्रयोग करें।







# माईक्रो कंटेन्टमेंट जोन में चलाया सेनेटाईजेशन अभियान

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशों के परिपालन एवं आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम के सैनेटाईजेशन अमले द्वारा रोजाना नगर के माईक्रों कंटेनमेंट जोन सहित वार्डो के विभिन्न रहवासी एवं सार्वजनिक स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया जाकर नगर को संक्रमण से मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। सैनेटाईजर प्रभारी अभिषेक बघेल एवं पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि संक्रमण से बचाव हेतु सेनेटाईजेशन अभियान के अन्तर्गत आज नगर के मुख्य मार्ग चांडक चौराहा मुख्य मार्ग के विभिन्न स्थलों, चांडक चौक से धर्मलोक हास्पिटल तक, गांधी द्वार से लेकर जिला चिकित्सालय का मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, के.सी.एस स्कूल, नई बस्ती स्थित एल.आई.सी के सामनें वाली गली, वेंकट वार्ड स्थित सेंट्रल बेंक ऑफ इंडिया गली प्राथमिक उपस्वास्थ्य केन्द्र तिलक कॉलेज के पास, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर फ्यूचर विंगस स्कूल के सामनें वाली गली, माधवनगर स्थित मानसरोवार गली, तांगां स्टेण्ड से इमलिया रोड, मुक्तिधाम परिसर, नेक कदम खाना वितरण संस्था, पार्षद गली, संतीष पुलिस गली एवं मंगलनगर के विभिन्न स्थलों, राय कॉलोनी सहि नगर के अन्य स्थलों में कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल का छिडकाव किया गया। नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सायना कोविड केयर, सरस्वती स्कूल, बालक छात्रावास राय कॉलोनी जिला चिकित्सालय परिसर, नगरनिगम जोन कार्यालय क्रमांक -1 ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक-2 खिरहनी आंगनबाडी परिसर, जोन क्रमांक -3 टी.सी.बजान स्कूल परिसर, जोन क्रमांक 4 उपकार्यालय माधवनगर सहित दुर्गा चौक चैक पोस्ट, इंदिरा नगर चैक पोस्ट पुराना जिला न्यायालय कचहरी परिसर वैक्सीनेषन केन्द्र, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, दीनदयाल अन्त्योदय रसोई केन्द्र, मुख्य रेल्वे स्टेषन, मुडवारा रेल्वे स्टेषन परिसर, बस स्टेण्ड, रैन बसेरा, सहित नगर के अन्य स्थलों मे सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कराया जाकर स्थलों को विसंक्रमित करनें की कार्यवाही की गई। नगरनिगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु रोजाना नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सेनेटाईजेशन कार्य किया जा रहा है। नगर के अस्पतालों एवं चिन्हित माइक्रो कंटेनमेंट जोन से निकलनें वाला मेडिकल वेस्ट/कचरा भी पूर्ण प्रोटोकाल के साथ निस्तारण किया जाकर संक्रमण की संभावना को मिटानें के प्रयास किये जा रहे है। जागरूकता की अलख जगानें हेत निगम के जागरूकता वहनों एवं कचरा वाहनों में लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से भी नगारिकों को करोना संक्रमण से बचनें हेतु मास्क का उपयोग करनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करनें एवं अन्य जारी गाईडलाईन अनुसार अन्य सावधानियों को बरतनें की अपील निरंतर जारी है।

# 14 माह से बन्द हैं शालाएं, बच्चों की पढ़ाई अधर में

## सर्वाधिक प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र के गरीब एवं वंचित तबके के बच्चे



### प्राइवेट स्कूलों के अभिभावकों का 1 जून से सीधा सर्वे

**कटनी।** विगत वर्ष से कोरोना काल के चलते हमारा शिक्षा का ढ़ाचा जिस बुरी तरह से ध्वस्त हुआ है उसके परिणाम समाज को भविष्य में देखनें को मिलेंगें इसमें बच्चों का बचपन शिक्षा, अनुशासन, निरन्तरता, सामाजिकता, समूह भावना तथा सामाजिक मूल्यों का पतन हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित प्राईवेट स्कूलों में गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों के लगभग 8.5 लाख बच्चें एव गरीब, वंचित परिवारो तथा संसाधन विहिन ग्रामीण क्षेत्रों के अनुमानित 76 लाख बच्चें है। दूसरी और संसाधन युक्त परिवारों के ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे बच्चो में एक नया वर्ग उभर कर सामने आ रहा है जो इन्टरनेट के अंधे गलियारों एवं भूलभुलैया में नई दुनियाँ को पाकर कई मानसिक विकृतियों का शिकार हो रहा है एवं मार्गदर्शन के अभाव में सही गलत का निर्णय नहीं ले पा रहा है। शिक्षा बचाओ-बचपर बचाओं मंच इस ज्वलन्त समस्या का हल पाने के लिए हितग्राहियों से 1 जून से सीधा सर्वे कराने जा रही है। यह सर्वे अभिभावकों से एक प्रश्नावली के माध्यम से किया जावेगा जिसमें कोरोना काल के पूर्व एवं कोरोना काल के दौरान बच्चों के पढ़ाई की गुणवता, प्रभाव खर्चे एवं अन्य बिन्दुओं पर प्रश्नों के द्वारा अभिमत जानने के साथ-साथ आगामी सत्र की पढ़ाई कैसे हो पर महत्वपूर्ण प्रश्न होंगे। प्रदेशव्यापी यह सर्वे 1-6 जून बीपीएल एवं वंचित समूहों से तथा 7-13 जून समस्त सामान्य अभिभावकों से किया जा रहा है। प्रदेश शासन द्वारा कोरोना को दृष्टिगत रखते हुऐ गत वर्ष की तरह की व्यवस्था से सरकारी स्कूलों के बच्चों की पढ़ाई लिखाई की तैयारी की जा रही है पर शासन द्वारा पिछले साल से अशासकीय विद्यालयों के संचालन हेतु हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किऐ गऐ है। शिक्षा बचाओं-बचपन बचाओं मंच शीघ्र ही इस सर्वे के परिणामो को शासन, न्यायालय, मीडिया व समाज के सामने सार्वजनिक करेगा।



# गांव पहुंचकर हिरन ने बचाई जान



## बरही के करौदीखुर्द का मामला

**बरही।** जंगल से भटकी हिरन को कुत्ते खदेड़ रहे थेए हिरन ने करौदी खुर्द में पहुंचकर जान बचा पाई। ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को खदेड़ कर हिरन को सुरक्षित करते हुए वन विभाग को सूचित किया। यह घटनाक्रम बरही वन क्षेत्र के ग्राम करौदीखुर्द का है। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा, जिसके बाद घायल हिरन को वैटनरी अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया।


न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com


# बारिश के पहले नाले-नालियों की सफाई

## संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास





**कटनी।** वर्षा काल में नगर के सार्वजनिक मार्गो में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें निगम के स्वास्थ्य अमले को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नाला सफाई गेंग के माध्यम से वर्षा पूर्व नगर के बडे नाले एवं नालियों की तल्ली से सफाई करानें तथा जलभराव वाले क्षेत्रों के नाले -नालियों का रोजाना निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिए है।

निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में वर्षा पूर्व की जानें वाली नगर के नाले एवं नालियो की सफाई व्यवस्था के तहत आज प्रातः प्रथम पाली में वार्ड के प्रभारी स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में जालपा देवी वार्ड स्थित घंटाघर रोड के मुख्य मार्ग के नालों, चांडक चौक घंटाघर रोड स्थित डॉ शोभित चौदहा की डिस्पेंसरी के बाहर मुख्य मार्ग के बडे नाले,महात्मा गांधी वार्ड स्थित तिलक राष्ट्रीय स्कूल के सामनें सुदर्शन कुण्डे के घर के पीछे स्थित बडे नाले, गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार की नालियों की सफाई उपरान्त निकले कचरे के उठाव कार्य, कावस जी वार्ड कृष्णा मंदिर के सामनें मोती ठेकेदार के पीछे वाली नाली की तल्ली से सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित भुमिया बस्ती की नालियों, माधवनगर स्थित शिकागो स्कूल के पीछे वाले नाले, खैबर लाईन नारायण पैलेस रोड मार्ग के बडे नाले, संत कवर राम वार्ड स्थित पोस्ट आफिस के पास वाले नाले सहित विगत संध्या वीर सावरकर वार्ड स्थित नंदा नामदेव मैदान के पास जे0सी0बी मशीन के माध्यम से नाले की तल्ली से सफाई का कार्य निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा किया गया। कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो की रोजाना रात्री कालीन एवं प्रातःकालीन सफाई सहित सार्वजनिक स्थलों के तहत चिन्हित थोक एवं फुटकर सब्जी मंडी स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाए, बस स्टेण्ड परिसर की सफाई, पन्ना मोड, मिशन चौक मुख्य मार्ग, राजीव गांधी वार्ड खिरहनी ओव्हर ब्रिज के उपर का मुख्य मार्ग, भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग व नगर के अन्य स्थलों सहित मुख्य मार्गो के डिवाईडर की सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड पुल से सब्जी मंडी पुल तक एवं बरगवां के डिवाईडर के दौनो ओर की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य आज प्रातः किया गया।

कोरोना संक्रमण काल को दृष्टिगत रखते हुए संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानी अपनाते हुए नगर के चिकित्सालयों एम.जी.एम हॉस्पिटल, श्री हास्पिटल, डॉ विकास गुप्ता हास्पिटल, बाबा नारायण शाह हास्पिटल सहित नगर के अन्य चिकित्सालयों एवं कोविड केयर केन्द्र से बायोमेडिकल वेस्ट का पृथक वाहनों से उठाव कार्य सहित नगर के चिन्हित माइक्रो कंटेनमेंट भवनों से प्रोटोकाल के तहत कचरे के संग्रहरण किया जाकर उचित निस्तारण का कार्य आज प्रातः कराया गया।




# 52 दिनों बाद शहर अनलॉक कल से बाजार होंगे गुलजार



## रोज रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू, रविवार को जनता कर्फ्यू

## संक्रमण में कमी आने के बाद कलेक्टर ने जारी की अनलॉक की गाइड लाइन

**कटनी। करीब 52 दिनों बाद शहर अनलॉक होने जा रहा है। शहर के बाजार एक बार फिर गुलजार नजर आएंगे। कोरोना संक्रमण में कमी आने के बाद राज्य सरकार के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने अनलॉक की गाइड लाइन जारी के दी है। जारी किए गए आदेश के मुताबिक बाजार सुबह से लेकर रात तक खुल सकेंगे लेकिन इस दौरान नियमों का पालन करना होगा। प्रत्येक रविवार को जनता कर्फ्यू रहेगा, जो शनिवार की रात 10 बजे से लेकर सोमवार की सुबह 6 बजे तक रहेगा। इसके अलावा रोज रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू लागू रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला प्रियंक मिश्रा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 मे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग मे लाते हुये संपूर्ण कटनी जिले मे 1 जून को प्रातः 6 बजे से आगामी आदेश तक के लिये यह आदेश जारी किये हैं।**

कलेक्टर द्वारा जारी किए गए आदेश के मुताबिक सभी सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले, हॉट बाजार आदि जिनमें जनसमूह एकत्र होता है। कॉलेज, शैक्षणिक, प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान पर प्रतिबंध रहेगा। ऑनलाईन क्लासेस चल सकेंगी। सभी सिनेमा घर, शापिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, थियेटर, पिकनिक स्पॉट ऑडिटोरियम, सभागृह, सभी धार्मिक, पूजा स्थल पर एक समय में 4 से अधिक व्यक्ति उपस्थित नहीं रह सकेंगे। अत्यावश्यक सेवाएं देने का कार्य करने वाले कार्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारियों एवं 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ संचालित किये जाएगें। अत्यावश्यक सेवाओं में जिला कलेक्ट्रेट, पुलिस, आपदा प्रबंधन, फायर, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, जेल, राजस्व, पेयजल आपूर्ति, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास, विद्युत प्रदाय, सार्वजनिक परिवहन, कोषालय, पंजीयन सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी अत्यावश्यक सेवाओं का विनिश्चय हेतु अपर जिला दण्डाधिकारी को अधिकृत किया जाता है। अधिकतम 10 लोगों के साथ अंतिम संस्कार की अनुमति रहेगी। विवाह में दोनों पक्षों के मिलाकर अधिकतम 20 लोगों के साथ ही अनुमति रहेगी। इसके अलावा किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा।



### इन पर नही रहेगा प्रतिबंध

समस्त प्रकार के उद्योग एवं औद्योगिक गतिविधियां चालू रह सकेंगी। इस कार्य हेतु उद्योग से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों श्रमिकों को वैद्य आई डी कार्ड के साथ आने जाने की अनुमति रहेगी। उद्योगों के कच्चा माल तैयार माल के आवागमन पर किसी प्रकार की रोक नहीं होगी। अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, मेडिकल इन्श्योरेंस कम्पनीज, अन्य स्वास्थ्य एवं चिकित्मा सेवाएं, पशु चिकित्सा अस्पताल चालू रहेंगें। केमिस्ट, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकानें, किराना दुकानें, फल, सब्जियां, मीट, मटन की दुकान, पोल्ट्री फार्मए डेयरी एवं दुग्ध केन्द्र, आटा चक्की, पशु आहार की दुकानें पूरे दिन के लिए खुली रखी जा सकेंगी। पैटोल, डीजल पम्प, गैस स्टेशन, रसोई गैस सेवाएं पूरी तरह से चालू रहेंगे। सभी कृषि गतिविधियों की अनुमति होगी। कृषि उपज मण्डी खाद, बीज, कृषि यंत्र की दुकानें खुल सकेंगी। बैंक, बीमा कार्यालय एवं एटीएम प्रारंभ रहेंगें। प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा केबल आपरेशन्स को अनुमति रहेगी। बैंक, इन्श्योरेंस, एनबीएफसीएस से जुडे संस्थानों के एमपीआईएस, कोआपरेटिव क्रेडिट सोसायटी, कैश मेनेजमेन्ट एजेन्सीज संचालन एवं आवागमन की अनुमति है। सभी प्रकार के सामानों और माल की आवाजाही बिना किसी रोक टोक के जारी रहेगी।

### बसों में 50 प्रतिशत यात्रियों के साथ आवगमन में मिली छूट

सार्वजनिक परिवहन निजी बसों, ट्रेनों के माध्यम से कोविड-19 के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत अनुमति रहेगी। निजी बसों में उक्त अनुमति निम्नलिखित शर्तो के अंतर्गत रहेगी। निजी बसों में कोविड-19 दिशा निर्देशों के अनुसार 2 गज की दूरी का अनुपालन हेतु 50 प्रतिशत की क्षमता पर एक सीट छोडकर व्यवस्था के अंतर्गत संचालन करना होगा। निजी बसों में थर्मल स्केनिंग की व्यवस्था होना आवश्यक है। सभी यात्रियों की थर्मल स्केनिंग की जायेगी। मास्क, सैनेटाइजर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। ऑटो, ई-रिक्शा में दो सवारी, टैक्सी तथा निजी चार पहिया वाहनों में डायवर तथा दो पैसेंजरों को मजिस्ट्रेट मास्क के साथ यात्रा करने की अनुमति होगी। मोहल्लों, कॉलोनियों, ग्रामों में एकल दुकानें पूरे समय खुली रखी जा सकेंगी। कोल्ड स्टोरेज एवं वेयर हाउसिंग की सर्विसेज को अनुमति होगी। सम्पूर्ण प्रदेश में ई कॉमर्स कम्पनियों से तथा अत्यावश्यक वस्तुओं की दुकानों से होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ये जारी हुए निर्देश

येलो एवं ग्रीन जोन के ग्रामों में समस्त मनरेगा कार्य, ग्रामीण विकास कार्य एवं अन्य विभागों के निर्माण कार्य तथा तेन्दूपत्ता संग्रहण के कार्य कोविड-19 महामारी की रोकथाम के एसओपी का पालन करते हुए जारी रखे जा सकेंगे। जिला स्तर पर परम्परागत रूप से लेवर मार्केट कोविड प्रोटोकॉल पालन की शर्त पर चालू रह सकेंगें। थोक सब्जियां, फल, फूल के बाजार के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियत खुले स्थानों पर चल सकेगें। नगरीय क्षेत्र में थोक सब्जियां, फल, फूल के बाजार के लिये स्थान जिला प्रशासन द्वारा नियत किया जायेगा। इन वस्तुओ की दुकानों के अलावा प्राथमिकता पर सर्विस सेक्टर की दुकाने तथा अन्य प्रयोजनों की दुकाने भी खुल सकेगी। जिले के नगरीय क्षेत्र में पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से कम है। शामन द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार कुल खुल सकने वाली दुकाने 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। एम्बूलेंस, ऑक्सीजन टैंकर्स का सम्पूर्ण प्रदेश में आवागमन निर्वाध रहेगा। अस्पताल, नर्सिंग होम और टीकाकरण हेतु आवागमन कर रहे नागरिकों, कर्मियों को छूट रहेगी। मेन्टेनेन्स सर्विस देने वाले यथा इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपेंटर, मोटर मैकेनिक, आईटी सर्विस प्रोवाईडर आदि के आवागमन पर रोक नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र आने एवं जाने वाले परीक्षार्थी तथा परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा आयोजन से जुड़े कर्मी/अधिकारीगण के आवागमन पर छूट रहेगी। उपार्जन गतिविधियों पर कोई रोक नहीं होगी तथा सतत रूप से उपार्जन संचालित किया जावेगा। निजी सुरक्षा सेवाओं को अनुमति रहेगी। घरेलू सेवा देने वाले यथा धोबी, ड्रायवर, हाउस हेल्प, मेड, कुक आदि के आवागमन पर रोक नहीं होगी। फायर बिग्रेड, टेली कम्यूनिकेशन, विद्युत प्रदाय, रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल, केरोसीन टैंकर, होम डिलेवरी सेवाए, दूध एकत्रीकरण, वितरण, फल, सब्जी के परिवहन, डाक एवं कोरियर सेवाओं के आवागमन पर कोई बाधा नहीं होगी। हवाई यात्रा से जुड़े कार्यालय एवं उनसे सम्बन्धित कर्मियों के आवागमन की अनुमति होगी। समस्त निजी कार्यालय कुल कर्मचारियों में से 100 प्रतिशत उपस्थिति अनुसार खुल सकेंगे। समस्त मिबिल निर्माण कार्य कोविड-19 प्रोटोकोल का पालन करते हुये कार्य किए जा सकेंगे। समस्त रेस्टारेंट एवं भोजनालय कुल केपेसिटी के 50 प्रतिशत की उपस्थिति के लिये खुल सकेंगे। समस्त लॉजिंग, होटल, रिसोर्ट केवल आगुन्तकों के लिये खुल सकेंगे। लॉज, होटल रिसोर्ट के रेस्टारेंट में बैठने जस्ट की कैपेसिटी के 50 प्रतिशत की उपस्थिति के लिये खुल सकेंगे।

# लापता प्रौढ़ का खदान में मिला शव

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत नदी पार क्षेत्र से लापता एक 54 वर्षीय प्रौढ़ की लाश रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बावली टोला खदान से बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नदीपार कैलवारा फाटक क्षेत्र निवासी 54 वर्षीय अभय पिता कृष्णमुरारी दुबे दो दिन से लापता था। शनिवार को रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बावली टोला खदान से उसकी लाश बरामद की गई। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि अभय के द्धारा खदान में कूदकर आत्महत्या की गई है। बताया जाता है कि अभय काफी दिनों से स्वास्थ्य खराब था तथा उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# हाइवा ने राहगीर को कुचला

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिहारी में सड़क पर पैदल जा रहे एक 30 वर्षीय युवक को हाईवा ने रौंदकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम टिकरिया निवासी 30 वर्षीय कंधी पिता लाला आदिवासी सड़क पर पैदल जा रहा था। उसी दौरान वह हाइवा क्रमांक ए.पी.36टीए-5240 की चपेट में आ गया। बताया जाता है कि मृतक कंधी शराब के नशे में कपड़े उतारकर सड़क में घूम रहा था। तभी खिरहनी स्थित डाउन स्ट्रीम नहर निर्माण कार्य में लगे हाइवा ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने कंधी का पीएम कराते हुए आरोपी चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# अनलॉक के पहले मिले दो पॉजिटिव

**आधा प्रतिशत के नीचे आई कोरोना संक्रमण की दर, 29 और 30 मई को 930 संदिग्धो के लिए गए थे सेम्पल**

**कटनी।** जिले में कल एक जून से होने जा रहे अनलॉक के एक दिन पहले आज एक बार कटनी जिले को कोरोना संक्रमण से राहत मिली है। संक्रमण की रफ्तार हर दिन कम होने के साथ ही पॉजिटिव केस का आंकड़ा सिंगल डिजिट में आ गया है। जिले में संक्रमण की दर भी लगातार एक प्रतिशत से नीचे है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घण्टे में जिले में मात्र दो लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी आने के बाद ही राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी की गाइड लाइन के अनुसार कल एक जून से कटनी जिले को अनलॉक किया गया है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कल रात को अनलॉक को लेकर नई गाइड लाइन जारी कर दी है। 52 दिनों के लॉक डाउन (कोरोना कर्फ्यू)के बाद कल 1 जून से बाजार एक बार फिर गुलजार नजर आएगा हालांकि इस बार पहले से ज्यादा सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों ने दूसरी लहर का असर कम होने के साथ ही तीसरी लहर की भी चेतावनी जारी की है। लिहाजा प्रशासन का पूरा ध्यान अनलॉक में नियमों का पालन कराने पर रहेगा। विदित हो कि राज्य सरकार ने सभी कलेक्टरों को इसको लेकर निर्देशित किया था। जिले में आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में भी इसको लेकर निर्णय लिया गया है कि अनलॉक की प्लानिंग के साथ ही इसका कड़ाई से पालन कराया जाए। गौरतलब है कि अप्रैल महीने की शुरुआत में पूरे देश और प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में कोरोना संक्रमण ने कहर बरपाना शुरू कर दिया था। हर दिन बड़ी संख्या में लोग इस महामारी का शिकार हो रहे थे। संक्रमण की रोकथाम के लिए कटनी जिले में भी 9 अप्रैल की शाम 6 बजे से लॉक डाउन लगाना पड़ा था। कोरोना कर्फ्यू लगाए जाने के बाद भी पूरे अप्रैल में कोरोना संक्रमण ने ऐसा कहर बरपाया की पॉजिटिविटी रेट 40 प्रतिशत को पर कर गया। अप्रैल के महीने में हर दिन औसतन 150 लोगों को इस महामारी ने अपना शिकार बनाया। इस दौरान मौतें भी हुईं। अप्रैल में तांडव मचाने के बाद जैसे ही मई के महीना शुरू हुआ, वैसे ही संक्रमण की दर नीचे आने लगी। जिससे पूरे जिले को राहत मिली। मई के शुरुआती कुछ दिनों में एक सैकड़ा से ज्यादा पॉजिटिव केस मिल रहे थे लेकिन इसके बाद हर दिन इसमें कमी आती रही। अब कटनी जिले में संक्रमण की दर आधा प्रतिशत से नीचे है और थी कारण है कि कितनी जिला प्रदेश के उन जिलों में शामिल है। जहां पॉजीटिविटी रेट नीचे आया है और 1 जून से अनलॉक किये जाने का निर्णय लिया गया है। अनलॉक के पहले जिला प्रशासन द्वारा शहर के हर वर्ग से सुझाव मांगे गए थे। इन सुझावो को लेकर ही अनलॉक की गाइड लाइन तैयार की गई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा इसके लिए एक जिला स्तरीय समिति भी बनाई गई थी। जिसका प्रभारी अपर कलेक्टर रोहित सिसोनिया को बनाया गया था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही कलेक्टर श्री मिश्रा ने अनलॉक की गाइड लाइन जारी की है।

### आज मिले केवल दो पॉजिटिव केस

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पिछले 24 घन्टे में 930 सेम्पल की रिपोर्ट में मात्र दो पॉजिटिव केस मिले हैं। जिसमे सुप्राटेक अहमदाबाद की इंदौर लैब से मिली 29 मई की 571 सेम्पल की रिपोर्ट में एक और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 30 मई की 359 सेम्पल की रिपोर्ट में एक पॉजिटिव केस मिला है। इस तरह कटनी जिले में कोरोना संक्रमण की दर आज 0.21 प्रतिशत रही।

# महुआ के पेड़ के नीचे सोती मिली लापता बच्चियां

**नानी की डांट फटकार के बाद निकल गई थी घर से**

**कटनी।** नानी की डांट फटकार के बाद घर से बिना बताए गायब हुई दो नाबालिग किशोरियों को बरही पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बरही थाना क्षेत्र के जंगली ग्राम चोरा कनेरा से 13 व 15 वर्ष की दो नाबालिग किशोरियां बिना बताए घर से गायब हो गई। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर दोनों की तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची व उनके हमराह स्टाफ उपनिरीक्षक आर.पी.रावत व आरक्षक जगत सिंह को उस समय सफलता मिल गई। जब दोनों नाबालिग किशोरियां जंगल में एक महुआ के पेड़ के नीचे सोते हुए मिल गईं। पूछताछ में किशोरियों ने बताया कि वो नानी की डांट फटकार के बाद घर से बिना बताए आ गई थी। बहरहाल पुलिस ने किशोरियों को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया है।




# करंट की चपेट में 3 भैसों की अकाल मौत, बरही के करौंदीकला की घटना

**बरही।** 11000 केव्ही करंट की चपेट में आने से 3 मूक भैसों की अकाल मौत हो गई। यह घटना बरही तहसील क्षेत्र के ग्राम करौदीकला के कुदराहार की है। घटना की सूचना रामकृपाल पाल ने डायल 100 को दी। घटना स्थल पहुँची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाई उपरांत पोस्टमार्टम की कार्यवाही के पश्चात घटना की जांच शुरू कर दी है। करंट किसने फैलाया इस बात की तहकीकात करने में पुलिस जुट गई है।









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)